One more thing is that there are middle-men in the agricultural produce. They take away a major portion of the profit. This also has to be taken into consideration. The agricultural labourers as well as small land owners will have to be taken care of and suitable and

comprehensive legislation should be brought out to enforce it throughout the country uniformally to insure and protect agriculturists and land owners. With these, I conclude, Madam.

उपसभापति: श्री नरेश यादव, समय थोड़ा कम है, इस पर काफी चर्चा हो गई है, आप संक्षेप में सवालात करें।

श्री नरेश यादव (बिहार): उपसभापति महोदय, मैं कोशिश करूंगा, समय कुछ कम लेने की और जब समय आपके हाथ में है यदि आपको अच्छा लगे तो कुछ बढ़ा देंगी और लगे कि मैं बात को रिपीट कर रहा हूं तो घंटी बजा देंगी, आपका आदेश शिरोधार्य।

महोदया, माननीय प्रधान मंत्री ने खेतिहर मजदूरों के हितों के लिए विस्तृत विधेयक लाने का आश्वासन दिया है और अपने न्यूनतम कार्यक्रम में भी इसका जिक्र किया है तो मैं युनाइटेड फ्रन्ट की सरकार को धन्यवाद देता हूं। इन्होंने पहली बार खेतिहर मजदूरों के बारे में कुछ सोचा है और इस पर एक विस्तृत बिल लाने का प्रयास किया है। हम अपने वरिष्ठ साथी श्री गुरूदास दासगुप्त के आभारी हैं कि उन्होंने इस विशेष मुद्दे पर सदन और देश का ध्यान आकर्षित किया है। मैं इस पर सबसे पहले यह कहना चाहता हूं कि अभी जो महिला मजदूरों के बारे में चर्चा हुई है, हमारे काफी सदस्य किसानों, गरीब मजदूरों से सम्पर्क रखते हैं। मैं यहां उस महिला का चित्रण करना चाहता हूं जो खेत में फसल काटती है और चैत्र बैसाख के माह में, कड़ी धूप में एक महीने, दो महीने या तीन महीने के छोटे बच्चे को धूप में सुला देती है। आप समझ सकते हैं कि ऐसी तेज धूप में जब बच्चा क्रन्दन करता है तो उसकी मां के हृदय पर क्या बीतती होगी? आज संगठित श्रमिकों के बच्चों के लिए पूरे देश में पालनहार है, हर शहर में बच्चों के रखने की व्यवस्था है क्या उस ग्रामीण श्रमिक मजदूर महिला के बच्चे को रखने की इस देश में कोई व्यवस्था नहीं है? मंत्री जी, मैं आपसे जानना चाहता हूं कि कम से कम उस 2, 3, 4 व 5 महीने के बच्चे के रोने का असर अगर देश पर या सरकार पर हो तो निश्चिततौर से मां का कोई दोष नहीं है। क्योंकि मां के पेट में पीड़ा है, भूख है, उसे परिवार को चलाना है इसलिए उसे फसल काटनी है और मजदूरी करनी है। यही मेरा पहला सवाल है।

मेरा दूसरा सवाल यह है कि आज पूरे देश में हर वर्ष फसल काटते समय महिलाएं और पुरूष मकई और गेहूं की कटाई व धान रोपते-रोपते सर्प दन्स का शिकार हो जाते हैं। उनके परिवारजनों को मात्र दस हजार रुपया देकर छोड़ दिया जाता है।

मेरा तीसरा सवाल है, अभी हमारे साथी ने कहा कि मजदूरों की मजदूरी में पूरे देश में एक समानता नहीं है। जहां हरियाणा में मात्र 52 रुपये मजदूरी मिलती है तो तमिलनाडु में 20 रुपये मिलती है। यह समानता पूरे देश में होनी चाहिए। यह तभी हो सकता है जब उसके लिए एक विस्तृत विधेयक इस सदन में लाकर कानून बनाया जाये जिससे पूरे देश को फायदा होगा।

मैं एक और बात की ओर माननीय मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। ज्यों-ज्यों खेती के औजार बढ़ते जा रहे हैं, मशीनें बढ़ती जा रही हैं, मजदूरों पर आफत आ रही है। थ्रैसर में हमारे मजदूर भाइयों का अक्सर हाथ कट जाता है। जब थ्रैसर में गेहूं डालते हैं तो उस समय सैकड़ों की संख्या में मजदूर अपना हाथ उसके अंदर डालते हैं, भूल से बाहों तक उनका हाथ अंदर चला जाता है तो उनके हाथ कट जाते हैं। उनका इसमें क्या दोष है? उनका यही दोष है कि अपने श्रम द्वारा उन्होंने देश के उत्पादन को बढ़ाने में अपनी क्षमता लगाई। लेकिन इसके लिए हम महज वृद्धावस्था पेंशन या 10 हजार रुपये देकर संतोष कर लेते हैं। उस मजदूर अपनी पूरी जिंदगी में यह सोचता रहता है कि आखिर हमने क्या पाप किया है जो हमारे हाथ कट गए और अब मैं कुछ नहीं कर सकता हूं। निश्चित तौर से ऐसे श्रमिकों के लिए व्यवस्था करनी चाहिए।

मैं दो तरह के मजदूरों की तरफ मंत्री जी का ध्यान दिलाना चाहता हूं। एक मजदूर वे हैं जो खेतों में काम करते हैं, जिनको कमिया कहते हैं। यह बड़े-बड़े भू-पतियों के यहां महीने भर, वर्ष भर रहते हैं। जो श्रमिक भाई संगठित हैं, उनके लिए पेंशन है, ग्रेचुटी है, सारी सुविधाएं हैं लेकिन इन मजदूरों के लिए, जो कमिया मजदूर हैं, जो दिन-रात चौबीसों घंटे मालिक के नौकर हैं, गुलाम हैं, जो बंधुवा मजदूर हैं, इनके लिए कोई व्यवस्था नहीं है। सरकार कानून में इनके लिए क्या व्यवस्था करने जा रही है? दूसरे, जो दिहाड़ी मजदूर हैं उनके लिए निश्चिततौर से कोई न कोई व्यवस्था की जानी चाहिए। ये दिहाड़ी मजदूर जो हैं ये हमारे पूर्वी हिस्से से पंजाब और हरियाणा में कमाने के लिए चले जाते हैं। इन मजदूरों की दुर्गति की ओर मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। चाहे कश्मीर हो, चाहे पंजाब हो, यहां ये मजदूर काम करते हैं। इनका कोई दोष नहीं है। इनका दोष केवल इतना ही है कि ये अपने पेट को अपने राज्य में नहीं भर पाते हैं और इन राज्यों में जहां मजदूरी कुछ ज्यादा मिलती है, वहां जाकर काम

करते हैं। लेकिन वे यहां आतंकवादियों की गोलियों के शिकार हो जाते हैं। आखिर इन मजदूरों के लिए आप क्या व्यवस्था करने जा रहे हैं जिनका कलेजा गोलियों से छलनी कर दिया जाता है। ऐसे मजदूर जो आतंकवादियों की गोलियों के शिकार हुए हैं उनका परिवार आज भी अनाथ है। मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान आपके माध्यम से इस ओर भी आकर्षित करना चाहता हूं।

उपसभापति महोदया, अंत में, मंत्री जी यहां बैठे हुए हैं। उस दिन भी चर्चा में आदरणीय राम बिलास पासवान नहीं बैठे हुए थे। आज अभी बैठे थे लेकिन चले गए। मै चाहता हूं कि रेल राज्य मंत्री माननीय सतपाल जी महाराज अपने जवाब में यह बतायें कि इस देश में काम करने वाले मजदूर, खेतिहर मजदूर इंसान हैं या नहीं? यात्री डिब्बा, जिसमें 90 की कैपेसिटी होती है वहां पर 500-500 मजदूरों को बिठाया जाता है। 500 मजदूर काम करने के लिए, श्रम करने के लिए पंजाब, हरियाणा और दिल्ली की ओर जाते हैं। हर रोज वे जाते हैं लेकिन उनके लिए कोई व्यवस्था नहीं है। अगर इतने आदमी हम जाएं तो हम और आप घबराहट और सफोकेशन से मर जायेंगे। यह मजदूर, जो हमारे लिए, देश के लिए काम करते हैं और देश की आमदनी अपना श्रम देकर बढ़ाते हैं, देश की मालदारी बढ़ाते हैं, ट्रेनों में उनकी यात्रा के लिए सरकार की तरफ से क्या व्यवस्था की जा रही है।

अंत में मैं एक सवाल रखना चाहता हूं। पुरुष चाहे वह मजदूर ही क्यों न हो, जो पुरुष, हमारे कृषक भाई, मजदूर, श्रमिक काम तो नहीं करते हैं लेकिन दिन भर काम करने वाली महिला जब खेतों से काम करके आती है, मजदूरी करके आती है और अगर वह चौका-चूल्हा ठीक न रखे, थकी है, परेशान है तो उस समय भी उसे पुरुष का डंडा सहन करना पड़ता है। इसे जघन्य अपराध घोषित किया जाना चाहिए। जो काम करने वाली महिला चौका चूल्हा लाचारी की वजह से न कर सके और उनकी धुनाई हो, पिटाई हो तो ऐसे पुरुष के लिए सख्त सजा की व्यवस्था होनी चाहिए। माननीय सभापति महोदया, मैं कहना चाहता हूं कि इसी सत्र में, मानसून सत्र में एक विधेयक इस बारे में यहां लाना चाहिए और पूरा लाना चाहिए जिसके माध्यम से इस देश के करोड़ों, मजदूरों का, श्रमिकों का कल्याण हो सके।

महोदया, आपने मुझे समय दिया और बैठने के लिए घंटी नहीं बजायी, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

उपसभापतिः विषय इतना गम्भीर है कि इसमें दो घंटे में तो केवल ऊपरी चर्चा ही हो सकती है। (व्यवधान) एक मिनट ठहरिये। इसीलिए कोशिश की है, लंच आवर भी नहीं रखा ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग बोल सकें। इसमें ग्रामीण विभाग में जो लोग काम करते हैं जैसे अभी मुझे बताया गया कि नगेन्द्र नाथ ओझा जी भी इसी एरिया में काम करते हैं, उन्हीं लोगों के साथ काम करते हैं। उनको भी दो चार सवाल पूछने के लिए मैं मौका दूंगी हालांकि समय नहीं है। मंत्री जी जब भी विधेयक ले कर आएंगे।

When you bring any legislation, I would request you to have a meeting with the various Members who are interested in it from various political parties, regions and States so that you can get a comprehensive understanding regarding the situation in various States. The discussion which has come today shows various disparities and the various aspects of it. If the Government is bringing any legislation, everybody should be taken into confidence and then only you will be able to bring a comprehensive legislation, not just because of this discussion, because this discussion is only to bring to the notice of the Government that these are the problems. But there are many more problems which can be put together and it will help. During this 50th year of our independence if we can do something for the majority of our people, workers in the rural areas, I think we would do justice to our freedom and I will ask Mr. Ojha आप केवल सवाल कर लीजिए। मुझे मालूम है, मुझे बताया गया है कि आपका स्पेशल मेंशन भी था। इस विषय में आप काफी रुचि रखती हैं।

श्री नगेन्द्र नाथ ओझा (बिहार): उपसभापति महोदया, मैंने इसके लिए स्पेशल मेंशन भी दिया था। सचमुच मैं इसी चिंता के साथ दिया था। यह कोई पहलीं बार नहीं है, हम लोग इस पर चर्चा कर रहे हैं। लम्बे समय से यह मामला बड़ा हुआ है और कुछ ऐसे प्रश्नों के उत्तर पिछले दिनों श्रम मंत्री जी की तरफ से इसी विषय पर आए थे जिससे लगा कि यह मामला फिर खटाई में पड़ने वाला है। इसीलिए मैंने स्पेशल मेंशन भी इस पर दिया था, इस पर बोलने के लिए आपसे अनुमति मांगी थी। मंत्री महोदय ने अपने स्टेटमेंट के अंतिम वाक्य में कहा है सम्भवतः चालू सत्र के दौरान यह विधेयक लाया जाएगा। मैं मंत्री महोदय से जानना

चाहता हूं कि क्या वह इस सम्भवतः शब्द को हटा देंगे और निश्चित रूप से कहेंगे कि इसी सत्र में यह विधेयक लाया जाएगा और इसे पारित किया जाएगा। मेरा दूसरा प्रश्न यह है कि मंत्री महोदय ने यह बताया है कि 18-5-95 को राज्यों के श्रम मंत्रियों का एक सम्मेलन हुआ और इस पर एक आम सहमति बनी, मतैक्य बना। इन्होंने "मतैक्य" शब्द का इस्तेमाल किया, यह कहा कि मतैक्य बना। यहां मुझे फिर से सन्देह हो रहा है कि क्या मतैक्य नहीं था, कौन से मुद्दे थे जिनके चलते मतैक्य नहीं बन रहा था ऐसा कानून बनाने के बारे में। जो 18-5-95 को मतैक्य हो गया, वह कौन सी बातें हैं? जब तक यह स्पष्ट नहीं होता तब तक एक सन्देह बना रहेगा कि केन्द्रीय कानून के लिए विधेयक आएगा, उसका रूप क्या होगा। मेरा यह प्रश्न इसलिए है कि मंत्री महोदय द्वारा स्पष्ट किया जाना चाहिये क्योंकि 1984 के बाद यह प्रश्न विधेयक बनाने का प्रश्न, कानून बनाने का प्रश्न राज्यों को भेजा गया था और राज्यों से जो मत आए थे इस पर राज्य सरकारों के ज़रिये उसी के आधार पर केन्द्रीय सरकार ने कहा था, पार्लियामेंट के अन्दर कहा था चूंकि राज्य सरकारों के अन्दर मतैक्य नहीं है इसलिए इस तरह का कानून केन्द्र सरकार नहीं बनाएगी। राज्य सरकारों के जिम्मे छोड़ दिया जाता है कि जो राज्य सरकार चाहे वह कानून बनाए और उसी के अन्तर्गत त्रिपुरा की सरकार ने कानून बनाया था। इसीलिए मेरा प्रश्न यह है कि कौन से मुद्दे थे जिनके चलते मतैक्य नहीं हो पा रहा था और क्या चीज़े आपने छोड़ दी जिनके चलते मतैक्य हो गया। मेरा यह प्रश्न इसलिए प्रासंगिक है कि मजदूर आन्दोलन में लगी हुई इनकी ट्रेड यूनियंस है, खेत मजदूरों की क्लास आर्गनाइज़ेनशंस है और वह जिस केन्द्रीय कानून की मांग करते हैं उसके अन्दर आज एक ऐसा व्यापक केन्द्रीय कानून बनाएं जिसके अन्दर खेत मजदूरों के लिए ट्रेड यूनियन अधिकार की गारंटी हो। इसका सवाल इसलिए है कि ज्यों ही वे अपने को गांव में संगठित करना शुरू करते हैं अपने क्लास आर्गेनाइजेशन में त्यों ही उन पर जमींदारों के हमले, कातिलाना हमले होते हैं। इसलिए नम्बर एक सवाल है कि ऐसा कानून, ऐसा व्यापक कानून हो जिस कानून के अंतर्गत प्रावधानः हो कि उनको ट्रेड यूनियन के अधिकार की गारंटी दी जाएगी। दूसरा पेंशन का है। ज्यों ही 58 या 60 वर्ष की उम्र कोई खेत मजदूर—महिला हो या पुरुष—पूरी करता है त्यों ही वे पेंशन के अधिकारी हों। दूसरा छुट्टी की सुविधा हो, चिकित्सा की सुविधा हो। फिर महिलाओं के लिए मैटरनिटी बेनीफिट हो। फिर ऐसा कानून हो जिसके अंतर्गत खेत मजदूरों के लिए वेल-फेयर फंड की व्यवस्था हो। फिर एक ऐसे कानून की मांग करते हैं जिसके अंदर प्रावधान हो कि खेत मजदूरों के मामलों के निपटारे के लिए चाहे उनके श्रम विवाद हों या दूसरी योजनाओं के जिनकी चर्चा मंत्री महोदय ने अपने स्टेटमेंट में की है—इन तमाम के क्रियान्वयन के लिए देखभाल हो। इसलिए उपसभापति महोदया, मैं मांग करता हूं कि सेपरेट लेबर डिपार्टमैंट हो। खेत मजदूरों के लिए केन्द्र सरकार के स्तर पर, राज्य सरकार के स्तर पर अलग से श्रम विभाग हो या सेपरेट मशीनरी श्रम विभाग के अंतर्गत हो। फिर इसी तरह के और भी प्रावधानों की मांग करते हैं जो काफी महत्पवूर्ण हैं और उन्हीं के चलते राज्य सरकारों के बीच मतैक्य नहीं हो पाता था क्योंकि केन्द्र और राज्य सरकारों का बहुत भारी पैसा भी इसमें लगने वाला है। अब जैसे वेलफेयर फंड की व्यवस्था हो जाए तो काफी पैसे लगेंगे। इसलिए यह कानून बनने में काफी अड़चन थी। फिर भी त्रिपुरा की सरकार ने तो बनाया। इसलिए जो ये मांगें की जाती रही हैं इन तमाम प्रावधानों को लेकर एक बिल लाएं।

फिर उपसभापति महोदया, एक और प्रश्न है। हमारे एक साथी ने कहा कि इस सरकार ने यह कोशिश की। जी नहीं। इस सरकार ने ही केवल कोशिश नहीं की। मैं बताना चाहता हूं शायद ये पांचवें श्रम मंत्री होंगे जो इस प्रश्न का सामना कर रहे हैं। 1978-79 के दौरान जब रवीन्द्र वर्मा जी श्रम मंत्री थे उस वक्त उन्होंने श्रम मंत्रालय के अधीन एक सेंट्रल स्टैंडिंग कमेटी बनाई थी जिसके अंदर एक सब कमेटी सेंट्रल लेजिस्लेशन पर विचार करने के लिए थी। यह अध्ययन करेगी कि कोई कानून बनाया जाए कि नहीं बनाया जाए—इसके लिए वह मन्तव्य देगी। उसने अपना काम पूरा किया और एक बिल भी तैयार किया और बिल तैयार करके सौंप दिया। मांग की जाती रही कि उस बिल को आप पार्लियामेंट के अंदर कानून बनाने के लिए पेश कीजिए। क्या यह वही बिल है जो पेश किया जाएगा या फिर इस नयी सरकार ने उस बिल को देखने के बाद मतैक्य बनाने के लिए उसमें कुछ फेर बदल किया है। वह क्या है? इसलिए एक तो यह पहली बार यह सरकार नहीं करने जा रही है। रवीन्द्र वर्मा जी चले गए। अंजैया जी आए, उन्होंने भी आश्वासन दिया। उसके बाद माननीय राम विलास पासवान जी आए। अभी रेल मंत्री हैं। पहले श्रम मंत्री हुआ करते थे। ग्रामीण श्रमिकों पर जो श्रम आयोग था, नेशनल कमीशन आफ रूरल लेबर उसने खुद एक

कान्फ्रेंस बुलायी थी 8 और 9 मार्च को इसी दिल्ली के अंदर, उसको सम्बोधित किया था तत्कालीन प्रधान मंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने। इसमें भाग लिया था माननीय राम विलास पासवान जी ने। उसमें हमारे देश की तमाम ट्रेड यूनियनें थीं। उन्होंने भाग लिया था। उसमें सहमति बनी थी कि एक ऐसा कानून बनाया जाए। तो रवीन्द्र वर्मा जी, अंजैया जी, राम विलास पासवान जी और बाद में संगमा जी आए। संगमा जी ने तो काफी कमाल किया क्योंकि देश के अंदर कई जगहों में जो उन्होंने भाषण दिए उन भाषणों में उन्होंने कहा कि शीघ्र, यथाशीघ्र हम यह कानून बनाने जा रहे हैं। माननीय सांसद गुरुदास जी कलकत्ता के अंदर थे एक कान्फ्रेंस के अंदर, मैं भी मौजूद था। उसमें उन्होंने भाषण दिया कि यह शीघ्र, यथाशीघ्र केन्द्र सरकार कानून बनाने जा रही है। माननीय जगन्नाथ मिश्र जी उस विभाग के तो मंत्री नहीं थे, कल्याण मंत्री थे, पिछले दिनों बिहार के अंदर अखबारों में छपा—उन्होंने कई जगहों में भाषण दिया कि केन्द्र सरकार शीघ्र, यथाशीघ्र यह कानून बनाने जा रही है और फिर हमारे नये मंत्री जी इस प्रश्न के सामने खड़े हैं....। और फिर उसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं यथाशीघ्र, इसलिए मैं जानना चाहता हूं कि यथाशीघ्र कब तक चलेगा? एक और सूचना मैं देना चाहता हूं। मैं पहली बार चुना गया हूं और आपके इस हाउस में आया हूं, लेकिन इस मूवमेंट से जुड़े रहने के कारण मैं यह जानता हूं कि सब से पहले इस मांग ने देश के अन्दर 1974 में जोर पकड़ा जब केरल के अंदर केरला एग्रीकल्चरल वर्कर्स एक्ट, 1974 अस्तित्व में आया। उसके बाद से इस मांग को लेकर हमारे देश के खेत मजदूर जदो-जहद करते रहे हैं। केरल के लिए जब यह संभव हो जाता है, त्रिपुरा के लिए जब यह संभव हो जाता है तो बाकी राज्यों के लिए संभव क्यों नहीं होता है? फिर यदि यह राज्य सरकारों के लिए संभव नहीं होता है तो महोदया, यह जरूरी है कि यह जिम्मा केन्द्र सरकार ले और किसी भी बहाने राज्य सरकारों के जिम्मे यह काम नहीं जाना चाहिए। एक मॉडल एक्ट केन्द्र सरकार को तैयार करना चाहिए जिसके आधार पर हमारी राज्य सरकारें ऐसा कानून तैयार करें।

उपसभापति महोदया, मैं अंत करूंगा, हमारे पास अब दूसरी बात नहीं है लेकिन एक प्रश्न है जिसकी काफी चर्चा दूसरे लोगों ने की है। ग्रामीण गरीबों की, खेत मजदूरों की गरीब जिन्दगी का रोना रोया। उन पर कविताएं बन चुकी हैं, उपन्यास, कहानियां ढेरों हैं और उपन्यास, कहानियों से देश के लोगों ने करोड़ों रुपये कमाए हैं। मैं उनकी गरीबी का रोना रोने के लिए नहीं खड़ा हूं, मैं यह बताना चाहता हूं कि हमारे अर्थ तंत्र में खेत मजदूरों की बहुत बड़ी भूमिका है। ये ग्रामीण श्रम शक्ति के एक-तिहाई है और पूरे देश की श्रम शक्ति के एक-चौथाई हैं। हमारे देश में खेती में जो श्रम की जरूरत है उसका 42 प्रतिशत वे पूरा करते हैं। ऐसी कृषि में जो 42 प्रतिशत विदेशी मुद्रा अर्जित करती है, जो हमारे देश के संपूर्ण लोगों को खाना देती है, क्योंकि आज हम कहते हैं कि अन्न के मामले में हम आत्म-निर्भर हैं तो इसीलिए उनका रोल अहम है। इसलिए उनका यह अधिकार है कि उनके दूसरे भाई जो औद्योगिक क्षेत्र में हैं, जिनके लिए तरह-तरह के कानून हैं। प्रोविडेंट फंड से लेकर वैलफेयर फंड तक है, पेंशन और दूसरे अधिकार हैं, वे अधिकार इन्हें भी प्राप्त हों क्योंकि ये उन तमाम अधिकारों से वंचित हैं। बार-बार यह कहा जाता है कि एक कानून है खेत मजदूरों के लिए तो 1948 का न्यूनतम मजदूरी कानून उपसभापति महोदया, उस कानून को छोड़ कर जिस कानून को लागू करने में भी काफी विलम्ब हुआ, बाद में कृषि में लागू हुआ, पहले औद्योगिक क्षेत्र में लागू हुआ, एक कानून को छोड़ कर कोई भी दूसरा कानून खेत मजदूरों के लिए नहीं है। मैं मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि जिनकी कृषि में इतनी बड़ी भूमिका है उनके लिए कानून बनाने में इतना विलम्ब क्यों हो रहा है? यह विलम्ब नहीं होना चाहिए और मंत्री महोदय द्वारा स्पष्ट किया जाना चाहिए कि इसी सत्र के दौरान यह कानून अस्तित्व में आएगा। धन्यवाद।

उपसभापति: आपने शेर-शायरी की बात की, पता नहीं कितने लोग उर्दू शायरी समझते हैं। पर एक फेमस शेर है:

> "जिस खेत से दहको को मयस्सर न हो रोज़ी,
> उस खेत के हर खोश-ए-गंदम को जला दो।"

अगर यही स्पिरिट हिन्दुस्तान में है, उसके बावजूद यह हालत हो रही है तो कहीं न कहीं कमी रह गई है।

Mantriji, would you please reply now? We have completed the discussion. ....(*Interruptions*)... I think he was trying to listen to the interpretation of the Urdu couplet. I will explain it to you.

Some poet had said, many, many years ago, that if a worker who works in a field does not get food out of that field, then it is better to burn that field rather than keep it. That is the spirit behind the

couplet. I do not want such a thing to happen. To prevent that, I want you to bring forth some legislation.

SHRI M. ARUNACHALAM: Madam Chairperson, I am thankful to the hon. Members who have participated in the debate on the Calling Attention motion regarding legislation for agricultural workers, moved by my distinguished friend, Shri Gurudas Das Gupta, and other colleagues. I have carefully listened to what the hon. Members had to say, and I have noted the sentiments expressed in the House cutting across party lines. At this stage, I only assure the House, through you, Madam, that the Government is attaching the highest priority to the matter of Central legislation for the agricultural workers. As has been very clearly stated in my statement and in the Common Minimum Programme of the present Government, we want to present the Bill in the current session itself. The Prime Minister called me yesterday and asked me to bring the Bill in the current session itself. If the hon. Members are not going to ask for referring it to a Select Committee, I hope, the Bill will be passed in this session itself. Madam, you have rightly observed that for the past 50 years no legislation was brought in about this unorgansied sector. Now at least we are trying to come forward with some Bill. It has been circulated. It may take some time to get comments from various Ministries and then to go to the Cabinet for its approval.

Madam, my distinguished friend, Mr. Gurudas Das Gupta, has raised a major issue. That is about the social problem of the agricultural labourers. I too agree that even after 50 years of Independence, there are social problems. Most of the agricultural workers are belonging to the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes. Still there is social isolation of the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes people. They are being kept at the end of the villages. They have no integration with other communities. I would like to say to the extent that even my relatives are facing this problem.

Madam, the attached labour system is being practised in most of the States. Take, for example, Jeetha, in Karnataka and Andhra Pradesh, Keniya in Madhya Pradesh and Bihar, Adiyar in Tamil Nadu and Katanayaka in Kerala. Though there is the protection of the Civil Rights Act, 1956, these things are still prevailing in the rural areas. To fight it out, all the political parties have come together. They have come with some concrete suggestions.

Madam, you have suggested that it should be discussed with the State Governments and political parties. We have had several discussions with the Ministers and the Secretaries of the State Governments. I have noted your suggestions. If you want us to have further discussions with the State Governments, I will again call them. I have no objection to that.

Madam, some of the hon. Members have raised the question about the compensation to be paid to the agricultural worker in the mechanised agricultural sector when he loses his or her limbs. The Workmen's Compensation Act is already there. It covers cases of accidents in the mechanised sector. However, the points regarding accidents involving these people will be taken care of in the Bill. Defective and substandard equipment is only a part of the problem. There are other reasons like very long working hours for the agricultural workers. The proposed legislation will try to address these problems.

My distinguished colleague, Smt. Jayanthi Natarajan, raised the question of inadequate coverage of women workers in the IRDP Scheme. I will convey her sentiments and observations to my hon. colleague in the Ministry of Rural Development.

Madam, I would like to highlight some of the features of the proposed legislation. If anything is left out, I

request the hon. Members to make their suggestions. Thereby we can incorporate them in the new legislation. Madam, I would like to highlight some of the broad features of the legislation. They are: a comprehensive definition of the agricultural labour to cover a large number of farm and allied activities; appointment of registering officers, preparation and maintenance of registers of agricultural workers; appointment of conciliation officers and compulsory arbitration of agricultural disputes in the event of failure of conciliation; provision of security of employment to agricultural workers; establishment of Agricultural Workers Welfare Fund—my friend was insisting on adopting the Kerala pattern. This Fund would be administered by the tripartite board;—protection of harvesting wages for agricultural workers to be fixed by the State Government and enforcement of payment of such wages; constitution of tripartite employment guarantee board to supervise employment guarantee and social security scheme. The Board will also plan off-season employment as well as self-employment. Provision to regulate hours of work, extra wages for over-time, daily hours for rest, harvesting wages etc. for agricultural workers; provision against unfair labour practices and penalty for contravention of the provisions of this Act.

Madam, if the hon. Members have any other suggestions, I have an open mind to incorporate them in the Bill. My only request is when the Bill is introduced in the House, hon. Members should not ask for referring it to a Select Committee. If they do not ask for referring it to a Select Committee, I can assure the House that this Bill can be passed in this session itself. Thank you.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Minister, I want one assurance. You are asking Members to give an assurance that they would not ask for referring the Bill to a Select Committee. Now, if the Bill is comprehensive and if it covers every aspect, which you have discussed before in various meetings you had with the State Governments and the Labour Ministers and others, plus the discussion you had in the House today, where the Members cutting across party lines and regions and States they come from have given their views, I think there will be no problem. But the most important thing is of taking care of the problem of the women workers. You have not mentioned about it in your reply, except the point on I.R.D.P. You have thrown this responsibility on the Rural Development Minister. As Labour Minister, you take the responsibility of guaranteeing the employment of women. In that case Members would not like the Bill to be sent to a Select Committee. The Bill is sent to the Select Committee, because they feel there are some weaknesses and loopholes in it. That is why it goes to a Select Committee for discussion. Do you promise on that?

SHRI M. ARUNACHALAM: Yes, Madam.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I want to put one more question. Are you planning some kind of a cess to set up a 'protection fund' for the benefit of the rural labour to collect it from the big farmers who employ them? Some kind of a cess should be developed. Otherwise, if you leave it to the State Government to collect the money in the form of taxes, they would not be able to do it, because they always have a shortage of funds. Are you thinking on those lines, because finances have to come from somewhere and you have to increase your resources? This is my feeling. I want your reply on this.

SHRI M. ARUNACHALAM: Madam, the interests of the women workers will be taken care of in the Bill. If you have any suggestion from your side, you are welcome to do so.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I have got only two suggestions. One is about the status of women and the other is about imposition of a cess for the benefit

of the entire labour force. If you can think in that direction, please do it.

SHRI M. ARUNACHALAM: Madam, as suggested by you, I can again have a meeting of all political parties, as we had in the case of the Building and Construction Workers Bill. There is no problem about it.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Do you give a promise on that?

SHRI M. ARUNACHALAM: Yes, Madam.

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry): Madam, I want to make a small point.

SHRI DEPUTY CHAIRMAN: On this note, let there not be any question.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Madam, I want to make just one short point. Madam, I must pay my deep respect to the way in which you have conducted the discussion and you have associated yourself with the sentiments expressed in the House collectively. While doing so, I want the hon. Minister to tell us whether the Bill will be passed in the current session. He has not categorically stated on that.

THE DEPUTY CHAIRMAN: He has stated on that.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: No, Madam, Anyway, let him say so again. Secondly, as you have said funds are needed, I would like to know whether there will be enough funds to pay and to arrange for comprehensive social security of the workers, including women, beginning from child-rearing,.....
up to the retirement benefit and accident benefit.

THE DEPUTY CHAIRMAN: The Minister has said that he would try to bring about a comprehensive Bill. That is why he talked about the Select Committee. I feel that the Bill should be comprehensive, not just a Bill in this Session or in the next Session. The question is that the Bill should be so comprehensive that it should not go back to him for an amendment. The Bill should be properly drafted, covering everything. The Minister has given enough assurance about it. I don't think that I am going to pin him down ...*(Interruptions)*... Because we have discussed it ...*(Interruptions)*... Now that discussion is over.

SHRI V. NARAYANASAMY: one small clarification.

श्री बंगारू लक्ष्मण: मैडम, ..(व्यवधान)..

उपसभापति: आप बोल चुके हैं। आप बहुत विस्तार से बोल चुके हैं, बस अब बैठ जाइए। ..(व्यवधान)..

SHRI V. NARAYANASAMY: Madam, the hon. Minister feels that there should not be any discrimination. I agree with him. The basic problem is payment of wages which other Members also mentioned. I want the hon. Minister to consider payment of wages by employers in the agricultural field. Not only that, there is a disparity in the wages. That is very important. The male worker is paid Rs. 40 and the female worker is paid Rs. 15 or Rs. 17.

THE DEPUTY CHAIRMAN: That has been discussed.

SHRI V. NARAYANASAMY: He should incorporate it in the Bill.

SHRI M. ARUNACHALAM: That is why I said, Madam, I would convene a meeting of all political parties.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Narayanasamy, I gave him a suggestion that he should convene a meeting of all political parties. I hope you would also be included in that meeting. The main thing is there is already a legislation, Equal Wages for Equal Work, it should be implemented.

SHRI V. NARAYANASAMY: But it is not being followed.

THE DEPUTY CHAIRMAN: The discussion on that is over. Now the discussion on the Railway Budget.

बंगारू लक्ष्मण जी, आपको कुछ भी पूछना हो तो आप मंत्री जी को बोल दीजिए, अभी रेलवे पर डिस्कशन करना है। ..(व्यवधान)..

SHRI M. ARUNACHALAM: Madam, the hon. Member, Shri Gurudas Das Gupta wanted an assurance from me whether the Government would bring forward a Bill in this Session itself. I can assure him, through you, that we would like to bring a Bill in this Session itself. We can pass it, if they cooperate with us.

श्री बंगारू लक्ष्मण: मैडम ..(व्यवधान) .. मैडम, मैं आपके जरिए माननीय मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूं ..(व्यवधान) ..

उपसभापति: रेलवे। ..(व्यवधान) ..

श्री बंगारू लक्ष्मण: मैडम, मैं आपके जरिए ..(व्यवधान) ..

THE DEPUTY CHAIRMAN: Don't behave like this. Please sit down. I am not allowing. Please don't argue. Unfortunately,... ..(*Interruptions*)..

SHRI BANGARU LAXMAN: Just now you have allowed them. If they shout, you allow them. It is unfair. You said that you would allow me also. ..(*Interruptions*)..

उपसभापति: एक मिनट आप बैठ जाइए। बैठ जाइए। आप लोग क्यों बोल रहे हैं? ..(व्यवधान)..

I can handle it. Why are you raising your voice? I don't understand. If the Member is asking the Chair, it is for me to decide whether to permit him or not to permit him. Now, why are you agitated about it? You have made your point. He also made a very good point. If he still feels that the Minister should clarify his point, I am capable to allow it. I sat throughout the discussion. I know that it is a serious matter. At the fag end of the discussion, don't create an impression that you have not allowed a Member to speak. If he still wants some satisfaction, he may raise it. But there is a ..(*Interruptions*)..

SHRI BANGARU LAXMAN: Therefore, I sought your permission. I stood up only when I sought your coverage to women, raised by Shrimati Jayanthi Natarajan, the hon. Minister has assured us that he would convene a meeting. I also raised one point regarding labour cooperatives which they have not been able to cover. Though there is a population of 110 million, they could cover so far only 1.70 million. That would take a long time in alleviating the problem of poverty. That is number one. Number two ....

THE DEPUTY CHAIRMAN: No. One clarification only. No more speech.

SHRI BANGARU LAXMAN: I am not making a speech. I am only seeking a clarification.

The second point is, the Minister has referred to the Kerala Farm Labour Act. Let us also take into consideration their experiences while implementing the Act. The experience shows that there is no machinery which can get the aims and objects listed in the Act implemented. Will the Bill take care of that?

THE DEPUTY CHAIRMAN: Okay. Mr. Minister, you take care of all these things.

SHRI M. ARUNACHALAM: Madam, we have carefully studied the Kerala Act.

permission. When they shout, you ask me to sit down. What is this?

THE DEPUTY CHAIRMAN: If you level allegations against the Chair, I won't permit you.

SHRI BANGARU LAXMAN: No, I sought your permission. With your permission only I am standing.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Then, I would allow you.

THE DEPUTY CHAIRMAN: This type of allegation against the Chair, I won't permit.

SHRI BANGARU LAXMAN: Because you have asked me to sit down.

उपसभापति: आप बैठ जाइए। आपको कोई जरूरत नहीं है, मिश्री जी, वह क्वाइट केपेबल है, बहुत अच्छा

बोले हैं और बोल सकते हैं। उनको मदद की जरूरत नहीं है, शायद आपको जरुरत पड़े इनकी मदद की कभी।

SHRI BANGARU LAXMAN: Madam, regarding the point of IRDP Whatever good things are there, we have taken them. If the hon. Member is having any particular suggestions, he can make them, Madam.

THE DEPUTY CHAIRMAN: He has raised two points. One is about the co-operative, labour co-operative, so that they may have an organised sector. The second point is about the experiences of Kerala. The hon. Minister has already promised that he is going to take the State Government into confidence. So, that point will be taken care of.

SHRI M. ARUNACHALAM: Yes.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Are you satisfied, Mr. Bangaru Laxman? If Members are satisfied, then we can satisfy the labourers in the rural areas.

Now, we shall have the discussion on the Railway Budget. I must announce that we have one and a half hours to complete the discussion and half an hour or so for the Minister to reply.

कृपया अपनी गाड़ी ठीक से चलाइएगा। यहां कोई एक्सिडेंट होने की संभावना न हो, सब लोग बोल पाएं।

(THE VICE-CHAIRMAN, MISS SAROJ KHAPARDE, IN THE CHAIR.)

THE BUDGET (RAILWAYS) 1996-97 — CONTD.

श्री रामदेव भंडारी (बिहार): धन्यवाद उपसभाध्यक्ष महोदया, रेल बजट पर विस्तार से चर्चा हुई है और लगभग सभी दल के सदस्यों ने इस रेल बजट के लिए रेल मंत्री जी का स्वागत किया है। मैं भी रेल मंत्री जी का स्वागत करता हूं, अभिनंदन करता हूं। उन्होंने अपनी सूझबूझ और कौशल से एक संतुलित रेल बजट सदन में रखा है। महोदया, यह बजट गरीबों को राहत पहुंचाने वाला, पिछड़ा एवं दुर्गम क्षेत्रों को रेल मार्गों से जोड़ने वाला, देश की एकता और अखंडता को एक सूत्र में बांधने वाला है। महोदया, पहली बार पूर्वोत्तर के दुर्गम क्षेत्रों को रेल मार्गों से जोड़ने का चुनौती भरा काम रेल मंत्री जी ने स्वीकार किया है। ऐसा करके उन्होंने देश की एकता, अखंडता ही नहीं, साम्प्रदायिक सद्भावना एवं रंग-बिरंगी संस्कृति को मजबूती से जोड़ने का काम किया है। महोदया, मंत्रालय का कार्यभार संभालते ही रेल मंत्री जी ने एक स्वस्थ्य एवं प्रभावशाली परम्परा की शुरुआत की है। अलग-अलग राज्यों के सांसदों को ग्रुप में बुलाकर, रात्रि भोज पर आमंत्रित कर, रेलवे के सभी उच्च पदाधिकारियों के समक्ष एक-एक सांसद से उनकी समस्याएं सुनी। पदाधिकारियों ने सांसदों के कई प्रश्नों के तत्काल जवाब भी दिए और यही कारण है कि जो भी सांसद इस विचार-विमर्श में गए उन्हें लगता है कि रेल मंत्री जी ने धैर्यपूर्वक सिर्फ उनकी बातें ही नहीं सुनी बल्कि कहीं न कहीं रेल बजट में उनके विचारों को समावेश करने का प्रयास किया गया है। इतना ही नहीं, रेल मंत्री जी ने राज्यों का दौरा किया है, समस्याओं की स्वयं जानकारी प्राप्त की तथा उसे रेल बजट में स्थान देने का प्रयास किया। मैं इनका शुक्रगुजार हूं कि मैंने जो कुछ सुझाव इनके समक्ष रखे थे उसमें से एक सकरी से हसनपुर भाया कुशेश्वर धाम रेल लाईन थी। यह बहुत लम्बी मांग थी। स्वर्गीय ललित नारायण मिश्र जी जब रेल मंत्री थे उसी समय से वहां रेल लाईन बनाने की बात चल रही थी। इस मांग को बजट में शामिल करके उन्होंने उस पिछड़ा क्षेत्र का बड़ा भारी उपकार किया है। महोदया, यह इतना पिछड़ा क्षेत्र है कि यहां यातायात एवं आवागमन का कोई साधन नहीं है। महोदया, मानसी-सहरसा-फारबिस गंज जो सहरसा जिला में पड़ता है वहां बड़ी लाईन बनाने की योजना बहुत दिनों से थी। इस बार मानसी-सहरसा खंड का अमान परिवर्तन का काम भी रेल बजट में शामिल किया गया है। इसके लिए मैं रेल मंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने हाजीपुर-बछवाड़ा मीटर लाईन को भी बड़ी लाईन में बदलने के काम को बजट में शामिल किया है। इसके लिए भी उस क्षेत्र के लोग इनके बड़े आभारी हैं। महोदया, मुजफ्फरपुर से सीतामढ़ी, दरभंगा से सहरसा तक नई रेल लाईन तथा दरभंगा से नरकटिया गंज, दरभंगा से जयनगर, दरभंगा से निर्मली, दरभंगा से लौकहा खंड पर अमान परिवर्तन के लिए भी सर्वेक्षण का काम चल रहा है। महोदया, कोसी नदी की वजह से निर्मली-भपटिआही लाईन टूट गई थी। इस बार पुनः मंत्री जी ने इसका सर्वेक्षण कराने का आदेश दिया है। मैं एक बात कहना चाहूंगा कि मैं जिन योजनाओं के बारे में चर्चा कर रहा हूं, ये सारी योजनाएं अत्यंत पिछड़े क्षेत्रों की हैं और भारत-नेपाल सीमा पर हैं। बड़ी-बड़ी नदियां